04.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 6.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 6 हजार 8 सौ 39 करोड़ रुपये के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को मंजूरी दी–इससे सीमावर्ती गांवों का विकास किया जाएगा।

○ संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–सत्र के दौरान सदन में 118 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई।

○ वर्ष 2008 में हुए जयपुर बम धमाकों के बाद जिंदा बम मिलने के मामले में अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया।

○ प्रदेश में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 12 अप्रैल किया गया।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छह हजार आठ सौ 39 करोड़ रुपये के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस कार्यक्रम से उन ब्लॉकों के गांवों का व्यापक विकास होगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास स्थित हैं। आज नई दिल्ली में मीडिया को कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल सहित अन्य सीमावर्मी क्षेत्रों की सुरक्षा के साथ–साथ वहां रहने वालों को जीवन यापन की सुविधाएं बढ़ाना है।

............

मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इनकी कुल लागत 18 हजार 6 सौ 58 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं से तीन राज्यों महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग एक हजार 247 किलोमीटर तक बढ़ जाएगा।

000

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया, जो इस वर्ष 31 जनवरी को शुरू हुआ था। अपने समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान सदन में 118 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई।

............

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संपन्न हुए बजट सत्र को बहुत ही सार्थक बताया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान एक बार भी कार्यवाही बाधित नहीं हुई। श्री रिजिजू ने कहा कि संसदीय इतिहास में किसी मुद्दे पर इतनी लंबी चर्चा कभी नहीं हुई।

इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वक्फ संशोधन विधेयक–2025' के संसद के दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों को लेकर वर्षों से चली आ रही अनियमितताओं और अपारदर्शिता को खत्म करने के लिए यह संशोधन आवश्यक था। यह वक्फ प्रशासन में पारदर्शी, जवाबदेह और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ–साथ गरीब तथा जरूरतमंदों को सशक्त भी बनाएगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की आज नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल से मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से मिलने केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी पहुंचे। ये शिष्टाचार भेंट थी।

000

जयपुर डेयरी कल से 'सरस लाडो मायरा योजना' की शुरूआत कर रही है। योजना के तहत डेयरी से जुड़े दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी में मायरा भरा जाएगा। जयपुर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष फौजदार ने बताया कि डेयरी की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर ये योजना लाई जा रही है। इसमें 21 हजार रुपये का मायरा दिया जाएगा। इससे करीब डेढ़ लाख पंजीकृत दुग्ध उत्पादकों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लिंगानुपात को संतुलित करना और बाल विवाह को रोकना है।

000

जयपुर में करीब 17 साल पहले सीरियल बम धमाके के बाद जिंदा बम मिलने के मामले में आज अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। अब सजा के बिंदुओं पर अदालत आठ अप्रेल को फैसला सुनाएगी। बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने आज इस मामले में शाहबाज हुसैन, मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और मोहम्मद सैफुर्रहमान को दोषी करार दिया। राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक सागर तिवारी ने पैरवी की। गौरतलब है कि जयपुर में 13 मई, 2008 को 8 सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। ब्लास्ट के बाद चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास जिंदा बम बरामद हुए थे।

000

राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स–एजीटीएफ रोहित गोदारा गैंग के लिए काम करने वाले आदित्य जैन उर्फ टोनी को दुबई से प्रदेश में लाने में सफल रही है। एजीटीएफ के प्रयासों से जैन को दुबई की पुलिस ने दस्तयाब किया था और प्रदेश की पुलिस आज सुबह उसे लेकर जयपुर पहुंची। एजीटीएफ प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम.एन. ने आज मीडिया से बातचीत में बताया कि जैन करीब एक साल से रोहित गोदारा के लिए डिब्बा कॉलिंग का काम करता था।
उन्होंने बताया कि टोनी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और इस पर नकेल कसने के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता है।

000

प्रदेश में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 12 अप्रैल कर दिया गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के निदेशक बचनेश अग्रवाल ने बताया कि छात्रों की मांग पर आवेदन की तिथि को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि योजना में विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के वास्ते अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन पत्र कर सकते हैं। इन अभ्यर्थियों को विभाग की ओर से सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा।

000

सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार का आज सुबह मुंबई में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह मुंबई के विले पार्ले में किया जाएगा। भारत कुमार के नाम से मशहूर मनोज कुमार का 24 जुलाई 1937 को ब्रिटिश भारत के एबटाबाद में हुआ था। पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित मनोज कुमार ने कई सुपरहिट फिल्मों में अदाकारी की, साथ ही कई फिल्में निर्देशित भी कीं। इनमें उपकार, पूरब और पश्चिम, क्रांति, वो कौन थी, गुमनाम, हिमालय की गोद में जैसी कई फिल्में शामिल हैं।

000

सीकर निवासी आईटीबीपी के जवान रतनलाल गुर्जर का आज उनके पैतृक गांव सांवलपुरा तंवरान में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उनकी पार्थिव देह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आम लोगों ने शिरकत की। गौरतलब है कि श्री गुर्जर भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल की 14वीं बटालियन में तैनात थे। कल उत्तराखंड के जाजर देवल क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण वे वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

000

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन आज मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की आराधना की जा रही है। इस अवसर पर जयपुर स्थित आमेर के शिलामाता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जैसलमेर के भादरियाराय मंदिर में मेला भर रहा है। इसके साथ ही विभिन्न शक्तिपीठों पर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि मां जगदम्बे की कृपा भक्तों के जीवन में खुशियों का नया सवेरा लेकर आती है। नवरात्रि में देवी मां के लिए लता मंगेशकर द्वारा गायी यह स्तुति सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करने वाली है।

000

रेल यात्रियों के खोए हुए अथवा गायब हुए मोबाइल फोन को ढूंढ निकालने के लिए रेलवे सुरक्षा बल–आरपीएफ ने दूरसंचार विभाग के साथ समझौता किया है। इसके तहत आरपीएफ ने विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के साथ साझेदारी की है। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे में एक पायलट प्रोग्राम की सफलता के बाद इसे लागू करने का फैसला किया गया है। अपना गुम हुआ मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए यात्री इसकी सूचना रेल मदद या डायल 139 के जरिए कर सकते हैं। यदि यात्री एफआईआर दर्ज नहीं कराना चाहते, तो उन्हें सीईआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराने का भी विकल्प मिलेगा।

000

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बीड़ी और सिनेमा उद्योग तथा गैर–कोयला खदान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता दी है। शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के दौरान छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने वाले 92 हजार से अधिक बच्चों को कुल 32 करोड़ 51 लाख रुपये वितरित किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पात्र बच्चों को स्कूल, कॉलेज और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा के लिए प्रति वर्ष प्रति विद्यार्थी 25 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

000